तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण संख्या :– 151/2024 बलबीर बनाम तहसीलदार प्रार्थना पत्र अ. धा. 136 राज. भू राजस्व अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/1/25	पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराया तथा कथन किया कि जमीन ख. नं. 600 रकबा 2.32 है0 राजस्व ग्राम बुडना तहसील व जिला झुन्झुनूं में अवस्थित है। आवेदक उक्त जमीन का खातेदार काश्तकार है और रेवेन्यू रिकॉर्ड में नाम अमल दरामद है। दिनांक 11.05.2023 को राजस्व टीम ने प्रार्थी के खेत की पत्थरगडी करने गये तब टीम ने बताया कि खसरा नं. 600 के वर्तमान नक्शा सीट के मुताबिक रकबा 2.32 है0 की बजाय 2.18 है0 ही बनता है। अतः वर्तमान नक्शा सीट के मुताबिक रकबा के दुरूस्त की जाये। बहस वकील प्रार्थिया सुनी जाकर पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध तहसीलदार रिपोर्ट का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया। मुताबिक रिपोर्ट तहसीदार प्रार्थी के खसरा नम्बर का रकबा कम है जिसे रिपोर्ट के अनुसार दुरूस्त किया जा सकता है। बाद अवलोकन पत्रावली प्रार्थना पत्र प्रार्थी न्यायालय मत पर स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है। –: आदेश :– प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार झुंझुनूं को आदेशित किया जाता है कि राजस्व ग्राम बुडना तहसील व जिला झुन्झुनूं के हाल भूमि ख. नं. 600 रकबा 2.32 है0 की वर्तमान नक्शा सीट पत्रावली के संलग्न तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। आदेश की पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार हो दर्ज नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 30/1/25 को खुले इजलास सुनाया गया। हवाई सिंह 30/1/25 (हवाई सिंह यादव) उपखण्ड अधिकारी, झुंझुनूं उपखण्ड अधिकारी झुन्झुनू (राज.)	